<u>**बुकसौरा (गदरपुर) में कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित**</u>

विश्वविद्यालय में केन्द्रीय गोवंश अनुसंधान संस्थान, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली, मेरठ द्वारा वित्त पोषित अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना–फ्रिजवाल द्वारा ग्राम बुकसौरा, कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र–गदरपुर में कृषक प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा किया गया। उन्होंने परियोजना के उद्देश्य एवं इससे पशु पालकों को मिलने वाले लाभों पर प्रकाश डाला। डा. ब्रिजेश सिंह, प्राध्यापक, पशु उत्पादन एवं प्रबन्धन विभाग द्वारा गायों एवं बछियों में प्रसवोंपरान्त विभिन्न उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु वैज्ञानिक जानकारी के साथ–साथ पषुओं में लगने वाले अन्तःपरजीवी, वाह्यपरजीवी, थनैला, खुरपका एवं मुँहपका आदि रोगों से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया गया। डा. ऐ.के घोष, प्राध्यापक, पशु प्रजनन विभाग द्वारा पशुओं एवं गो–वत्सों की देख–रेख व आवास व्यवस्था सम्बन्धित समस्याओं का समाधान किया। परियोजना अधिकारी डा. चन्द्र भान सिंह द्वारा प्रशिक्षण के समापन में अध्यक्षीय भाषण के साथ–साथ गो पशुओं में प्रजनन विधियों का महत्व एवं अन्य प्रबन्ध सम्बन्धी बिन्दुओं पर जानकारी देते हुए परियोजना टीम के सभी सदस्यों का मार्ग दर्शन एवं पशुपालकों का उत्सहवर्धन किया गया।

कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालकों का पंजीकरण एवं धन्यवाद प्रस्ताव कु. अराधना फुलार द्वारा किया गया। कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 36 पशुपालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया।